卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 210 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦7 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## कार खाई में गिरने से तीन की मौत

### जागर में शामिल होकर वापस लौट रहे थे तीनों मृतक

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। भिकियासैंण तहसील क्षेत्र में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा रापड़ गंगोड़ा चमड़खान मोटर मार्ग पर हुआ, जहां एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान चलाया।जानकारी के अनुसार कार संख्या यूके 04 टी 6683 सुबह करीब साढ़े चार बजे दुर्घटनाग्रस्त हुई। वाहन में तीन लोग सवार थे, जो नौघरिया क्षेत्र से जागर में शामिल होकर चमड़खान लौट रहे थे। इसी दौरान



चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे खाई में जा गिरी।दुर्घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार बर्खा जलाल के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। कठिन परिस्थितियों के बीच चलाए गए रेस्क्यू अभियान में वाहन में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।एसडीआरएफ प्रभारी महिपाल सिंह ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष भतरौंजखान अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम भी पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।हादसे में मृतकों की पहचान भुवन पुत्र दीवान राम निवासी ग्राम सनेटी तहसील रानीखेत और कैलाश चंद्र पुत्र बहादुर राम निवासी ग्राम दौड़ाखाल तहसील रानीखेत उम्र 32 (शेष पृष्ठ सात पर)

## वनकर्मी को अज्ञात वाहन ने रौंदा,मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की रात्रि हल्द्वानी मार्ग पर संजय वन के समीप पत्थरचट्टा वन कार्यालय में ड्यूटी समाप्त कर बाईक से घर वापस लौट रहे वन कर्मी को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम खस्सीबोझ खत्ता टांडा निवासी 58 वर्षीय मोहन गिरी गोस्वामी पुत्र स्व. बच्ची गिरी गोस्वामी वन विभाग टांडा रेंज के पत्थरचट्टा कार्यालय में संविदा कर्मी के रूप में काम करता था। बताया जाता है मोहन गिरी बुधवार की देर सायं ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 04 सी 9559 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह संजय वन के पास पहुंचा तो तेज गति से आते अज्ञात वाहन चालक ने उसकी मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मोहन गिरी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## टैक्सी स्टैंड पर खड़ी कार में शव मिलने से सनसनी

लालकुआं (उद संवाददाता)। नगर के टैक्सी स्टैंड क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब एक टैक्सी चालक अपनी ही गाड़ी



के भीतर मृत अवस्था में पाया गया। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।स्थानीय लोगों के अनुसार बागेश्वर नंबर की टैक्सी यूके02टीए3059 काफी देर से स्टैंड पर खड़ी थी, लेकिन चालक की ओर से कोई गतिविधि नहीं हो रही थी। संदेह होने पर जब आसपास के लोगों ने वाहन के पास जाकर देखा, तो चालक सीट पर एक व्यक्ति बेसुध पड़ा था। सूचना मिलते ही लालकुआं कोतवाली पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल फॉरेंसिक टीम और 108 एंबुलेंस को बुलाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।मृतक की (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं मिलने से महिला की मौत

### प्रसव के बाद समय पर नहीं मिल पाई ऑक्सीजन, परिजनों ने काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के साथ हाने वाली जानलेवा घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चिकित्सालय में महिला चिकित्सकों की लापरवाही से पूर्व में प्रसव के लिए आई कई महिलाओं की मौत हो चुकी है। गुरूवार को एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया है। रात्रि में महिला चिकित्सक की गैरमौजूदगी में स्टॉफ द्वारा किये गये प्रसव के बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। ऐसे नाजुक समय





में चिकित्सक की गैर मौजूदगी में स्टॉफ ने महिला को इंजेक्शन लगाये और जब उसे आक्सीजन देने की कोशिश की गई तो पता चला कि यहां रखे सभी सिलेंडर खाली हैं और आक्सीजन पाईप भी काम नहीं कर रही है। इस दौरान महिला ने दम तोड दिया। जिससे परिजनों में रोष भड़क गया और उन्होंने चिकित्सालय पर लापरवाही बरतने (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैंगरेप आरोपियों के परिजनों ने आरोपों को बताया साजिश

### भाजपा नेता की पत्नी और अग्निवीर के पिता ने बेगुनाही का किया दावा

चम्पावत (उद संवाददाता)। चम्पावत में 16 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपियों के परिजनों ने सामने आकर अपनी बात रखी है। भाजपा नेता पूरन रावत और अग्निवीर जवान के परिवारों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे एक गहरी राजनीतिक और व्यक्तिगत साजिश करार दिया है। परिजनों का कहना है कि उन्हें पुरानी रंजिश के चलते गलत तरीके से फंसाया जा रहा है।पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, उनकी नाबालिग पुत्री आर्थिक तंगी के कारण आइसक्रीम बेचकर घर चलाने में मदद करती थी। 5 मई की शाम वह लापता हो गई और अगले दिन सुबह करीब 4 बजे एक कमरे में हाथ-पैर बंध ी और निर्वस्त्र अवस्था में मिली। पीड़िता ने सल्ली निवासी विनोद रावत, नवीन सिंह और पूर्व प्रधान पूरन रावत पर जबरन कमरे में ले जाकर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर ध ाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।आरोपों के बाद भाजपा नेता पूरन रावत की पत्नी कलावती ने मीडिया के सामने कहा कि उनके पति निर्दोष हैं और घटना वाली रात 9 बजे से पूरे परिवार के साथ घर पर ही थे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनके बच्चे भी शादी के लायक हैं और इस झूठे आरोप ने उनके पूरे परिवार की सामाजिक छवि को देश भर में धूमिल कर दिया है। कलावती ने इसे पुरानी दुश्मनी निकालने का जरिया बताया और न्याय के लिए ईश्वर पर भरोसा जताया। वहीं, मामले में नामजद अग्निवीर जवान के पिता राम सिंह ने भी अपने बेटे का बचाव किया है। उन्होंने इस पूरे (शेष पृष्ठ सात पर)

## चम्पावत गैंगरेप कांड पर रामनगर में फूटा गुस्सा

रामनगर (उद संवाददाता)। चम्पावत में नाबालिग किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले की गूंज अब रामनगर तक पहुंच गई है। महिला सुरक्षा और इस जघन्य अपराध को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने लखनपुर चुंगी पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया और आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे



युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुमित लोहनी ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा लगातार खतरे में है। उन्होंने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि प्रदेश की मां-बहनें ही सुरक्षित नहीं हैं, तो ऐसे शासन और प्रशासन का कोई औचित्य नहीं रह जाता। लोहनी ने मांग (शेष पृष्ठ सात पर)

## जबरन कार उठाने पर फाईनेंस कंपनी के खिलाफ हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के कार्यालय पर जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ढोल बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। खेड़ा निवासी युवा व्यापारी इरफान अली ने बताया कि उन्होंने करीब दो वर्ष पूर्व चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी से एक डिजायर कार फाइनेंस कराई थी। उनके बेटे की रीढ़ की हड्डी के उपचार में लगभग 15 लाख रुपये खर्च होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई, जिससे वाहन की दो किश्तें समय



पर जमा नहीं हो सकीं। आरोप है कि इसी का फायदा उठाते हुए 3 मई को कंपनी के कर्मचारियों ने हरिद्वार में वाहन को बीच रास्ते रोक लिया और उसमें सवार यात्रियों को उतारकर गाड़ी अपने कब्जे में ले ली। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि जब वह रुद्रपुर स्थित कार्यालय पहुंचे, तो कंपनी अधिकारियों ने दूसरी गाड़ी का हिसाब भी इसमें जोड़कर अनाप-शनाप चार्ज लगा दिए। पीड़ित द्वारा बकाया दो किश्तें जमा करने का प्रस्ताव दिया गया, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। इसी उत्पीड़न के खिलाफ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कार्यालय का घेराव किया। मामला बढ़ता देख आवास विकास पुलिस और एलआईयू की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कंपनी के रीजनल मैनेजर शिवराज ब्रिज से फोन पर वार्ता कराई। मैनेजर द्वारा शुक्रवार सुबह तक मामले के निस्तारण का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन (शेष पृष्ठ 7 पर)

## उप तहसील में दूसरे दिन भी धरना जारी

नानकमत्ता। फर्जी अतिक्रमण दर्शाकर ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कराने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उप तहसील परिसर में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। धरने पर बैठे ग्रामीण और समर्थक रातभर धरना स्थल पर डटे रहे तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। शिकायतकर्ता विजेन्द्र सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान उन्हें ग्राम प्रधान पद की दौड़ से बाहर करने के उद्देश्य से विरोधियों के साथ मिलीभगत कर उनके



खिलाफ फर्जी अतिक्रमण दर्शाया गया। उनका कहना है कि बिना मौके की जांच और बिना नोटिस दिए कागजी कार्रवाई कर उनका नामांकन निरस्त करा दिया गया। ग्राम सरोजा निवासी विजेन्द्र सिंह मोमी के अनुसार 13 फरवरी (शेष पृष्ठ सात पर)

# चंपावत में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, तीनों दरिंदे फरार

## पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, पूर्व ग्राम प्रधान सहित तीन पर आरोप

चम्पावत। उत्तराखंड में एक और किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना से कानून व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गये है। चंपावत के सल्ली क्षेत्र हथियारों के बल पर 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। क्षेत्र के ही तीन लोगों पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, पूर्व ग्राम प्रधान सहित एक छात्र पर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर जाकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन भी किए। बुधवार को चंपावत कोतवाली में एक पिता ने तहरीर देकर तीन लोगों पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया। तहरीर में पिता ने बताया है वह एक बीमार व्यक्ति हैं। उनका इलाज कराने के लिए उनकी बेटी उन्हें गांव से चंपावत लाई थी। बताया कि पांच मई 2026 को उनकी नाबालिग बेटी शाम को घर वापस नहीं लौटी। मैंने फोन में पूछा तो उसने बताया लगभग दोपहर 2:30 बजे युवक विनोद सिंह रावत उसे शादी में सल्ली ले गया है। जो उससे पिछले कुछ समय से बात करता था। तहरीर में पिता ने बताया जब देर रात तक उनकी बेटी घर वापस नहीं लौटी तो उनके बेटी को कॉल किया गया लेकिन उसका फोन नहीं लगा। देर रात 1:28 पर उनकी बेटी ने उन्हें कॉल की इसके तुरंत बाद उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा। बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस की खोज बीन के बाद सुबह 4:00 बजे उनकी नाबालिग बेटी एक कमरे डेयरी में बंधी हुई और नग्न अवस्था में मिली। पूछताछ में उनकी बेटी ने बताया सल्ली निवासी तीन लोगों ने उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में बताया कि आरोपियों ने धारदार हथियार चाकू और बसुला उनकी बेटी के गले में रखकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद तीनों आरोपियों ने उनकी नाबालिग बेटी को रस्सी से बांध कर नग्न अवस्था में कमरे में ताला लगाकर बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूरन सिंह रावत, विनोद सिंह रावत, नवीन सिंह रावत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 70(2) (दुष्कर्म), 127(2), 351(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। **हाथ पैर बांधकर कमरे में ताला लगाकर चले गए :** जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर दोस्त की मेहंदी रस्म में शामिल होने गई 10वीं की छात्रा संग तीन युवकों ने मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। क्रूरता इस कदर रही कि दुष्कर्म के बाद जब उसने अपने घर फोन करने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट उसके हाथ पैर बांधकर कमरे में ताला लगाकर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कमरे से निकाला। साथ ही एक आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। शेष फरार हैं। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक 10वीं की छात्रा पढ़ाई के साथ ही चंपावत में आइसक्रीम पार्लर में काम कर परिवार का भरण पोषण एवं बीमार पिता का उपचार कराती है। बुधवार को सल्ली गांव में उसकी सहेली की शादी थी। इससे पहले मंगलवार को मेंहदी और महिला संगीत कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए गई।

## कोतवाली में हंगामा ,कमल रावत से की मारपीट

चंपावत। दुष्कर्म की घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल रावत पुलिस बल के साथ पीड़िता की खोजबीन में जुटे थे। कमरे से उसके बरामद होने व घटना स्थल की वीडियो भी बनाई।इसके बाद जब कोतवाली पहुंचे तो आरोप है कि उनपर आरोपित पक्ष ने हमला कर घायल कर दिया। कुछ ही समय के बाद आठ से 10 लोगों ने हमला बोल दिया। जिसके बाद पुलिस ने बीच बचाव किया।बुधवार को शर्मनाक और बेहद निंदनीय घटना के बाद कोतवाली मानो अखाड़ा बन गया। सुबह के करीब छह बजे पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत लेकर पहुंचे कमल रावत संग दो लोगों ने मारपीट की। इसके बाद मुख्य घटना यानी दुष्कर्म की तहरीर देने के लिए पीड़िता के पिता के कोतवाली पहुंचने पर कमल रावत तहरीर लिख रहे थे। चूंकि पीड़िता के पिता गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। कमल रावत ने पीड़िता की तहरीर लिखने के बाद उनके साथ हुए मारपीट की तहरीर लिख रहे थे। इस बीच क एक आरोपित कोतवाली में दिखाई दिया, जो संभवत: क्रास तहरीर देने के लिए आया था। इस दौरान आठ से 10 लोग कोतवाली के अंदर घुस गए और हमला बोल दिया। इस दौरान हड़कंप मच गया।



## कांग्रेस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा सरकार को घेरा

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उत्तराखंड की कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताया है। उन्होंने चंपावत में एक दसवीं की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर भाजपा सरकार को घेरा। आर्य ने कहा, इस दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। आर्य ने बताया कि दोस्त की मेहंदी रस्म में गई छात्रा के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने एक राजनीतिक पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष, एक पूर्व प्रधान और एक छात्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र और पूर्व प्रधान चाचा-भतीजा हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार से जवाब मांगा है कि क्या यही बेटी बचाओ का असली चेहरा है।उन्होंने पूछा कि क्या सत्ता संरक्षण के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी जानना चाहा कि आखिर प्रदेश में बेटियां कब सुरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इन सवालों का जवाब देना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को शीघ्र सख्त सजा दिलाने को कहा। आर्य ने दोषियों को राजनीतिक संरक्षण देने वालों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की भी मांग की।वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि चंपावत में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करे। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने की वजह से उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## दलहन शोध में पंतनगर विवि को मिला देश का सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की दलहन संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (आईसीएआर) ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के खरीफ दलहन शोध कार्यक्रम को देश का सर्वश्रेष्ठ केंद्र घोषित करते हुए पुरस्कृत किया गया है।यह प्रतिष्ठित सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके बैंगलोर में 5 से 7 मई 2026 तक आयोजित वार्षिक दलहन सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने उप महानिदेशक डॉ. डीके यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पंतनगर के दलहन समूह को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।विश्वविद्यालय की ओर से दलहन फसलों के स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसके वर्मा के नेतृत्व में वैज्ञानिक डॉ. केपीएस कुशवाहा, डॉ. रुचिरा तिवारी, डॉ. जेपी पुरवार और डॉ. विनीता राठौर ने यह सम्मान ग्रहण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप ने दलहन वैज्ञानिकों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के इस समर्पण और शोध कार्यों से विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है और यह कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में संस्थान की उत्कृष्टता को दर्शाता है।




## हरिद्वार के कई मदरसों में गड़बड़ झाला

हरिद्वार।सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद सभी जिलों में चल रहे मदरसों की जांच शुरू हो गई है।उल्लेखनीय है कि कई मदरसों में बाहरी राज्यों से बच्चे लाकर पढ़ाए जा रहे है ,ये कहां से आए,कैसे आए इन्हें लेकर आया इन सभी पर जांच पड़ताल की जा रही है।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सरकार के निर्देशों के क्रम में अभी कुल पी एम पोषण आच्छादित 131 मदरसों की प्रारंभिक जांच की गई है।इनमें संदिग्धता के दृष्टिगत 23 मदरसों की मार्च व अप्रैल की धनराशि रोकते हुए गहन जांच की संस्तुति की गई है स ये वो मदरसे है जिनके हिसाब किताब में भी गड़बड़ी पाई गई है।उन्होंने बताया कि इनकी जांच के बाद अन्य संचालित मदरसों की भी जांच की जायेगी।डीएम ने बताया कि 11 मदरसों में पी एम पोषण बंद कर दिए जाने के आदेश दिए गए है क्योंकि इनमें बच्चों की संख्या को लेकर संदेह था जिसकी पुष्टि की गई है। उन्होंने बताया कि सभी मदरसों में पढ़ाने वाले और पढ़ने वालों का भी सत्यापन कराया जाएगा।उधर धामी सरकार ने स्पष्ट कहा है कि एक जुलाई से वो सभी मदरसे संचालित नहीं होने दिए जायेंगे जिन्होंने उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से और अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता नहीं ली होगी।

## मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए 4.42 करोड़ की धनराशि को दी मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के तीन जनपदों चम्पावत, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में विभिन्न विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए 4.42 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। चम्पावत जनपद की लोहाघाट विधानसभा में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत भिंगराड़ा मंदिर सील के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 74.25 लाख रुपये की कुल स्वीकृति के मुकाबले अवशेष 29.70 लाख रुपये जारी करने का अनुमोदन किया गया है। साथ ही कंकराली टनकपुर से मां पूर्णागिरी धाम तक यात्रा मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के लिए 5 करोड़ की कुल राशि के सापेक्ष 2 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।उत्तरकाशी जनपद की पुरोला विधानसभा के अंतर्गत न्याय पंचायत मुख्यालय जखोल और फिताड़ी में सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य को भी गति दी गई है। इस परियोजना के लिए स्वीकृत 1.43 करोड़ रुपये में से 10 लाख रुपये की पहली किश्त पहले ही जारी की जा चुकी है और अब अवशेष धनराशि 1.33 करोड़ का 60 प्रतिशत यानी 80.06 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। पिथौरागढ़ जनपद में श्एक जनपद एक नदीश योजना के तहत गुरघटिया नदी के पुनर्जीवीकरण के लिए बड़ी पहल की गई है। जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के प्रस्ताव और राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की पांचवीं बैठक में हुए अनुमोदन के आधार पर 6.59 करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति दी गई है। इसके प्रथम चरण के लिए 40 प्रतिशत धनराशि के रूप में 1.32 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

## बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवाई

गदरपुर। वार्ड संख्या 7 स्थित गूलरभोज रोड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिन्टू) ने विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने कहा कि स्वस्थ्य बच्चे ही देश का उज्ज्वल भविष्य होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों एवं समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है, ताकि बच्चे बीमारियों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जी सकें।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों एवं मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. अंजनी कुमार, समस्त मेडिकल टीम, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद
### गदरपुर ( ऊधमसिंह नगर )

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से आगामी वर्षा ऋतु के दृष्टिगत बाढ़ से बचाव हेतु नगर पालिका परिषद गदरपुर में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग /निम्नानुसार मशीनरी एंव मानव श्रम से सफाई कार्य कराया जाना है। जिस हेतु दिनांक 15.05.2028 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमांत्रित की जाती है, जो उसी दिन को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष शासन द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क अदा कर दिनांक 14.05.2026 तक कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर कम किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर मय रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त एवं धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर०/एन०एस०सी०/पोस्ट आफिस सावधि के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गदरपुर के पद नाम से बन्धक बन हो, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद गदरपुर को निहित होगा अभ्य जानकारी एवं निर्धारित शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी व प्राप्त की जा सकती है। उक्त निर्धारित तिथियों में अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस की तिथि मान्य होगी। जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु०लागत ( लाख में ) | धरोहर धनराशि | नि०प्रा० मूल्य +G.S.T. | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद गदरपुर के अन्तर्गत ठण्डी नदी, आवास विकास नहर व रामजीवनपुर नहर का सफाई कार्य। | 9.22 | 27660 | 1000+G.S.T. | 01 माह |


( कैलाश सिंह पटवाल )
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर,ऊधम सिंह नगर

( मनोज कुमार )
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर,ऊधम सिंह नगर

पत्रांक 75/निविदा सूचना/2026-27 दिनाँक 06/05/2026

# पर्यटन सीजन पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा रिजॉर्ट्स और रेस्टोरेंट्स में जांची गई स्वच्छता

चंपावत( उद संवाददाता)। वर्तमान पर्यटन सीजन और ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में विभाग ने लोहाघाट क्षेत्र के विभिन्न रिजॉर्ट्स और रेस्टोरेंट्स का औचक निरीक्षण कर स्वच्छता मानकों का जायजा लिया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य किचन में साफ सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और हाइजीन के मानकों की स्थिति को सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने किचन परिसर का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किचन में कार्य करते समय कर्मचारियों के लिए एप्रन और हेड कैप का उपयोग अनिवार्य



है। नियमों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। अभियान के दौरान टीम ने पके हुए भोजन (कुक्ड फूड) और पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर के 04 नमूने एकत्र किए, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए राजकीय लैब रुद्रपुर भेजा जा रहा है। लैब रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कारोबारियों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी कारोबारियों को निर्देशित किया है कि वे भोजन बनाने के दौरान अनिवार्य रूप से स्वच्छता मानकों का पालन करें। इसमें किचन में बंद डस्टबिन का प्रयोग करने, मसालों व अन्य सामग्री के लिए ढक्कन युक्त स्टील कंटेनरों का इस्तेमाल करने और फ्रीजर के तापमान का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। अभियान दल में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगिता तिवारी और सहायक दिनेश फर्त्याल शामिल रहे।

# मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी, एक पर कार्रवाई

चंपावत (उद संवाददाता)। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों और जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में जनपद चंपावत में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अवैध औषधियों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टनकपुर और बनबसा क्षेत्र के मीना बाजार, कैनाल रोड और रेलवे क्रॉसिंग स्थित मेडिकल प्रतिष्ठानों पर औषधि निरीक्षक हर्षिता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान कुल पांच खुदरा और थोक



मेडिकल स्टोरों की गहन जांच की गई। निरीक्षण में ड्रग लाइसेंस की वैधता, नशीली औषधियों के स्टॉक की स्थिति, क्रय विक्रय रिकॉर्ड, कैश मेमो तथा सीसीटीवी कैमरों के संचालन और उनकी बैकअप रिकॉर्डिंग का बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मीना बाजार बनबसा स्थित एक मेडिकल स्टोर में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। यहां सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं पाई गई और औषधियों के क्रय विक्रय से संबंधित दस्तावेजों का उचित सत्यापन नहीं किया जा सका। इन कमियों को जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर मानते हुए संबंधित प्रतिष्ठान की दवा बिक्री तत्काल प्रभाव से रोक दी गई। औषधि निरीक्षक हर्षिता ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन पर औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 और नियमावली 1945 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान संदेह के आधार पर पांच औषधियों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशे के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# डीएसबी परिसर में टोबा टेक सिंह का मार्मिक मंचन

नैनीताल (उद संवाददाता) कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित एएन सिंह हॉल में अंग्रेजी विभाग के सी सी ए क्लब द्वारा प्रसिद्ध कहानी टोबा टेक सिंह पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जबकि संचालन दीपिका पंत ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अल एम जोशी के स्वागत उद्बोधन से हुई।



इसके बाद एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा गुंजिता पंत ने काव्य पाठ प्रस्तुत कर वातावरण को संवेदनशील बना दिया। सआदत हसन मंटो की कहानी टोबा टेक सिंह का रूपांतरण गुंजिता पंत द्वारा किया गया, जिसमें भारत विभाजन की त्रासदी, विस्थापन की पीड़ा और मानवीय पहचान के संकट को मंच पर सजीव किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय, प्रभावी निर्देशन और सटीक मंच सज्जा ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रंग निर्देशक और सांस्कृतिक कार्यकर्ता जहूर आलम उपस्थित रहे, जिन्हें रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। विशिष्ट अतिथियों में मिथिलेश पांडेय और अमिताभ बघेल भी मौजूद रहे। नाटक में हर्षवर्धन पंत बिशन सिंह, सुहानी जोशी सआदत हसन मंटो, काजल जलाल, सरिता चंद्रा, मनकरण, प्रिंस दुगतल, भावेश विश्वकर्मा, वान्या रावत, अनुष्का पुरी, कुमार पार्थ, निश्चय रौतेला, अचिंत मान, दिव्यांश चंद्र और देवांशी ने प्रभावशाली अभिनय किया। मंच सज्जा में खुशी उप्रेती, आस्था पांडेय और सृष्टि गोस्वामी, कोरस में नकुल बिष्ट तथा मेकअप में विदुषी गुरुरानी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की सहभागिता रही। अंत में सभी कलाकारों को मंच पर आमंत्रित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उर्दू डिप्लोमा कोर्स की संपन्न हुई फाइनल परीक्षा

किच्छा। कौमी काउंसिल बराये फरोगे उर्दू जबान (एनसीपीयूएल) के तत्वाधान में डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू भाषा की अंतिम परीक्षा नगर स्थित सेंट मैरी जूनियर हाई स्कूल स्थित केंद्र पर संपन्न



हुई। परीक्षा में करीब 80 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। केंद्र प्रभारी एम रहमान अंसारी ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में विगत 17 वर्षो से उर्दू डिप्लोमा कार्यक्रम नगर स्थित सेंट मैरी जूनियर हाई स्कूल के केंद्र में संचालित हो रहा है तथा उर्दू डिप्लोमा कार्यक्रम के तहत उर्दू की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित केंद्र में अब तक किच्छा विधानसभा क्षेत्र के करीब एक हजार से अधिक छात्र छात्राएं उर्दू की शिक्षा पाकर डिप्लोमा प्राप्त कर चुके हैं। बताया कि सीमित संसाधनों में उनके द्वारा डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से उर्दू भाषा की तहजीब का ज्ञान देकर उर्दू भाषा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। अंसारी ने बताया कि 2027 से पूर्व स्थानीय केंद्र में उर्दू लाइब्रेरी स्थापित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसमें उर्दू से संबंधित पाठ्य सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की अपनी प्रेम-एकता और उर्दू की मीठी जबान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रहेगा। मौके पर हाफिज अकरम अंसारी, मौलाना इफ्तिखार, मौलाना मोहसिन, मौलाना इरशाद, हाफिज अख्तर, कारी हामिद अंसारी, कशिश मलिक, मंतशा अंसारी, अर्शिफा सैफी, इल्मा मलिक, शबीना मलिक, किरण कोहली, मीना ढाली, हिमानी, नेहा, पूजा, निशा, सीमा आदि मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का संबोधन 10 मई को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित समारोह को 10 मई को, आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में सम्बोधित करेंगे।भारत के इस सबसे दूरगामी मानवीय एवं आध्यात्मिक आंदोलन के साढ़े चार दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। यह आयोजन समाज के हर वर्ग राजनेताओं, सिविल सेवकों, किसानों, इंजीनियरों, गृहिणियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाएगा, जो गुरुदेव के दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के वैश्विक प्रभाव का एक अनूठा उत्सव होगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य वक्तव्य देंगे तथा नव-निर्मित 'ध्यान मंदिर' एक विशेष ध्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, वे मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण



विकास, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। वर्ष 1981 में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग आज एक वैश्विक, स्वयं सेवक-आधारित मानवीय और शैक्षिक संगठन बन चुका है। 182 देशों में सक्रिय यह संस्था सुदर्शन क्रिया जैसी परिवर्तनकारी श्वास तकनीकों और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी अग्रणी ठोस पहलों के माध्यम से अब तक 100 करोड़ से अधिक जीवन को स्पर्श कर चुकी है। 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में 'विश्व शांति हेतु वैश्विक ध्यान' सभी के लिए नि:शुल्क और विश्वभर में सीधा प्रसारित किया जायेगा। भारत के 450 से अधिक जिलों में कार्यरत अनसुने दैनिक नायकों को सम्मानित करने के विशेष समारोह होंगे। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों और सार्वजनिक सेवाओं में अधिक मानवीय और सतत व्यवस्थाएँ विकसित करने पर केंद्रित नीति एवं विषयगत गोलमेज चर्चाएँ आयोजित की जायेंगी। 25ख्र26 मई को 'बंदी कल्याण और नीतिगत सुधार' पर विशेष गोलमेज चर्चा का मुख्य उद्देश्य जेलों में सुधार की सर्वोत्तम पद्धतियों को रेखांकित करना तथा कैदियों के पुनर्वास में आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करना होगा।।

# पेयजल समस्या को लेकर सहायक अभियन्ता को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड-12 में पिछले कई दिनों से व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने पार्षद प्रीति आर्या की अगुवाई में जल संस्थान के सहायक अभियंता का घेराव कर जल्द समाधान करने की मांग की। रोषित लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े किये। पार्षद प्रीति आर्या का कहना था कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी पेयजल आपूर्ति में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है जिन बच्चों की खेलने कूदने की उम्र उन्हें भी पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। पार्षद प्रीति आर्या ने नाले के अंदर से जा रही पानी की लाइन को तत्काल हटाने की मांग की। उन्होंने जल संस्थान के अधि



कारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। घेराव करने वालों में हेमंत साहू, पनी राम, साहिल राज, बबीता देवी, माया आर्या, नंद किशोर, कविता देवी, महेश राम, गुड्डी देवी आदि तमाम लोग थे। सहायक अभियंता ने जल्द समाधान के कर्मचारियों को निर्देश दिये।


## उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148
ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

## विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के०वी० उपसंस्थान पुलभट्टा, किच्छा एवं लालपुर में M/s Dee Control & Electric (P) Ltd. द्वारां अपने पत्र संख्या 17/DCEPL/UPCL/KSHPL/2026-27 दिनांक 27.04.2026 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 74 के किनारे Shifting of Electrical Uttilites for Service Road एवं 33/11 के०वी० उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं० 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/ Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 का कार्य होना प्रस्तावित है। जिसमें सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णत: / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अत: आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | तिथि | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, पुलभट्टा | 33के०वी० पुलभट्टा पोषक | 08.05.2026 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले औद्योगिक पोषक | प्रात: 09:00 बजे से सांय 05.00 बजे तक |
| 2 | 33/11 के०वी० उप संस्थान किच्छा | 33के०वी० बी०बी०आई० पोषक | 10.05.2026 | | |
| 3 | | 33 के०वी० सिद्धार्थ अलॉय पोषक | | | |
| 4 | | 33 के०वी० पोषक बी०बी०आई० एवं सिद्धार्थ अलॉय | 15.05.2026 | | |
| 5 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान,लालपुर | 33 के०वी० सी०वी०नं० 03 लालपुर<br>33 के०वी० सी०वी०नं० 04 लालपुर | 10.05.2026 | | |
| 6 | 33/11 के0वी0 उप संस्थान किच्छा | 33के०वी० पावर ट्रांसफार्मर 10 एम०वी०ए० T/F-3 | 10.05.2026 | | |
| 7 | 33/11 के0वी0 उप संस्थान जी0आई0एस0किच्छा | 11 के0वी0 देवरिया पोषक | 09.05.2026 | | |
| 8 | 33/11 के0वी0 उप संस्थान लालपुर | सम्बन्धित 11 के0वी0 के समस्त पोषक | 10.05.2026 | | |
| 9 | 33/11 के0वी0 उप संस्थान,किच्छा | 11 के0वी0 टाउन प्रथम किच्छा | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

पत्रांक: 427 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 06.05.2026

अधिशासी अभियन्ता

# एक क्लिक में साढ़े सात लाख पेंशनर्स को मिली पेंशन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को बुधवार को वन क्लिक के माध्यम से अप्रैल माह की पेंशन जारी की। मुख्यमंत्री ने शत प्रतिशत राज्य पोषित योजनाओं के 7 लाख 56 हजार 682 पेंशनर्स के खातों में कुल 111 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि हस्तांतरित की। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को एक क्लिक के माध्यम से पेंशन जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र और जरूरतमंद लोगों को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का परिणाम है कि



प्रत्येक वर्ष 60 हजार से अधिक नए लोग समाज कल्याण पेंशन योजनाओं से जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में भी बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन लगातार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 59 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों का सर्वे कर पात्र लाभार्थियों के आवेदन और अन्य औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली जाएं, ताकि 60 वर्ष की आयु पूरी होते ही उन्हें योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो सके। उन्होंने वार्षिक आय सीमा को व्यावहारिक बनाने तथा विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी एक स्थान पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समाज कल्याण के क्षेत्र में नवाचार अपनाने और बेहतर कार्यप्रणालियों को अन्य विभागों के साथ साझा करने के निर्देश दिए। साथ ही बुजुर्गों और पेंशनर्स से कॉल सेंटर के माध्यम से नियमित संवाद स्थापित करने को भी कहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विभाग प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन योजनाओं में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, निदेशक समाज कल्याण डॉ संदीप तिवारी, अपर सचिव समाज कल्याण प्रकाश चंद्र सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को देखा और अग्निशमन



यंत्रों की उपलब्धता व उनकी स्थिति का भी बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए। उन्होंने परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा स्वर्णिम विकास: तीरथ

सितारगंज। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत अपने निजी कार्यक्रम पिथौरागढ़ जाने के दौरान सितारगंज में अपने परिवारिक राइस मिलर के प्रतिष्ठान पर दो मिनट रुके। राइस मिलर कपिल सिंघल,नगर पालिका के अध्यक्ष सुखदेव सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी महेश मित्तल,सभासद शिवपाल चौहान,धर्मवीर सिंघल ने बुके एवं शाल पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि देश स्वर्णिम युग की तरफ तेजी से बढ़ रहा है,मोदी जी का नेतृत्व विश्व में भारत मां के मस्तिष्क को गगनचुंबी पर्वत की तरह शिखर पर बनाए रखते हुए देश में अभूतपूर्व कार्यों से लोगों के मन में हिंदुत्व की प्रखर सनातन रचना ओर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का जो परिवर्तन हुआ है वो अनुकरणीय है।इस मौके पर धर्मवीर सिंघल,कपिल सिंघल,सुखदेव सिंह,महेश मित्तल,उमेश सिंघल, शिवपाल चौहान,मोहित सिंघल आदि मौजूद रहे।



# मास्टर प्लान के तहत आधुनिक सुविधाओं के साथ धार्मिक प्रतीकों से संवरेगा बद्रीनाथ धाम

देहरादून (उद संवाददाता)। बद्रीनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के साथ अब इसे एक स्प्रिचुअल हिल टाउन के रूप में विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मास्टर प्लान के अंतर्गत हो रहे कार्यों का ब्यौरा साझा किया। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने प्रस्तुतिकरण के जरिए बताया कि बद्रीनाथ को आध्यात्मिक स्मार्ट टाउन बनाने के लिए बहुआयामी और चरणबद्ध



तरीके से काम हो रहा है, जिससे तीर्थयात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ दिव्य अनुभव मिल सके। मास्टर प्लान के तहत क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। देव दर्शनी पॉइंट को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को वहां से धाम के प्रथम दर्शन भव्य रूप में हों। बद्रीनारायण चौक को प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बनाया जा रहा है, जहां यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं और आकर्षक स्थल होंगे। इसके अलावा आईएसबीटी की दीवार पर स्थानीय कला और धार्मिक विषयों पर आधारित भित्ति चित्र उकेरे जाएंगे। वसुधा वाटिका के माध्यम से प्रकृति, आध्यात्मिकता और उत्तराखंड की पारंपरिक कला का संगम देखने को मिलेगा। योजना में भगवान विष्णु से जुड़े प्रतीकों को प्रमुखता दी गई है। धाम में पाञ्चजन्य शंख, कौमोदकी गदा, सुदर्शन चक्र और वैकुंठ द्वार जैसी भव्य कलाकृतियां बनाई जाएंगी। साथ ही शेषनेत्र कलाकृति और पंच तत्व थीम पर आधारित संरचनाएं भारतीय दर्शन को प्रदर्शित करेंगी। इसमें रामायण और महाभारत कालीन प्रतीकों का भी समावेश किया गया है। दिया आरती स्थल को भी इस तरह विकसित किया जा रहा है कि आरती का अनुभव श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन जाए। पूरे क्षेत्र में स्ट्रीटस्कैप के तहत आधुनिक पैदल मार्ग, प्रकाश व्यवस्था और बैठने की उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ के दिव्य स्वरूप को भव्य बनाने के लिए मास्टर प्लान में सभी जरूरी प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों से न केवल आध्यात्मिक वातावरण मजबूत होगा बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। इस बैठक में सचिव शैलेश बगोली, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, संयुक्त सचिव अनिल जोशी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेकअप विशेषज्ञ लीना भूषण ने प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

मुरादाबाद। शहर के एमबी ग्रीन्स क्लार्क्स इन में आयोजित एक दिवसीय





मेकअप प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर देश की प्रसिद्ध मेकअप विशेषज्ञ लीना भूषण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक मेकअप की बारीकियों एवं टिकाऊ मेकअप करने की विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में मेकअप प्रशिक्षक डॉ. निधि गुप्ता तथा प्रसिद्ध हेयर स्टाइल विशेषज्ञ अभिषेक मालिक ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने प्रतिभागियों को सौंदर्य प्रसाधनों के सही उपयोग, कार्यस्थल की सज्जा तथा पेशेवर उन्नति से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए।इस दौरान गदरपुर की क्वींस मेकअप स्टूडियो की प्रोपराइटर मीनू पाल को सौंदर्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर लीना भूषण द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर उनके कार्यों की सराहना की गई। सम्मान मिलने पर मीनू पाल ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।यह प्रशिक्षण शिविर पंजाब सेल्स के संचालक हरमिंदर सिंह, बलप्रीत सिंह एवं चमन सिंह तीनों भाइयों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि वे मुरादाबाद में अब तक 30 से अधिक ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं, जिससे क्षेत्र के सौंदर्य कर्मियों को निरंतर लाभ मिल रहा है।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार वितरित किए गए। साथ ही भोजन एवं अल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# खटीमा कोतवाली में नए एसएसआई आर्य ने संभाला चार्ज

खटीमा। कोतवाली में नए वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में के.सी. आर्य ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वह रुद्रपुर कोतवाली में एसएसआई के पद पर तैनात थे। अब उन्हें खटीमा कोतवाली का वरिष्ठ उपनिरीक्षक नियुक्त किया गया है। चार्ज संभालने के बाद के.सी. आर्य ने कहा कि वह उच्च अधिकारियों के निर्देशन में कार्य करते हुए आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करेंगे तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम रखना उनकी प्राथमिकता होगी।



के.सी. आर्य इससे पूर्व काशीपुर कोतवाली तथा नानकमत्ता थाने में भी थानाध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके कार्यभार संभालने पर पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने उनका स्वागत किया और बेहतर कार्यकाल की उम्मीद जताई।




# स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों से मारपीट का आरोप

## भाजपा नेता और अधिवक्ताओं पर बंधक बनाने का भी आरोप

जसपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने आए ऊर्जा निगम के कर्मचारियों के साथ मारपीट, मोबाइल छीनने और उन्हें बंधक बनाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना के विरोध में पीड़ित कर्मचारियों ने कोतवाली का घेराव करते हुए भाजपा नेता और उनके अधिवक्ता साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ऊर्जा निगम द्वारा निजी कंपनी के माध्यम से उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं। बुधवार को जब टीम मोहल्ला जोशियां में मीटर बदलने का कार्य कर रही थी, तभी वहां रह रहे एक अधिवक्ता ने कर्मचारियों से पहचान पत्र दिखाने को कहा। आरोप है कि संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की शुरू



कर दी। कर्मचारियों का दावा है कि आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, दो कर्मचारियों के मोबाइल छीन लिए और उन्हें बंधक बना लिया। यह भी आरोप लगाया गया है कि मौके पर मौजूद भाजपा नेता अपने साथियों को इस कृत्य के लिए उकसा रहे थे। घटना के संबंध में टीम लीडर अंकित कुमार ने अपने सात कर्मचारियों के साथ मिलकर पुलिस को लिखित शिकायत दी है। उधर, ऊर्जा निगम के एसडीओ सद्दाम अली ने स्पष्ट किया कि सरकार के आदेश पर नियमानुसार प्रीपेड नहीं बल्कि पोस्टपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटरों को लेकर समाज में बेवजह का भ्रम फैलाया जा रहा है। मामले को सुलझाने के लिए देर शाम कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन वार्ता के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। प्रभारी कोतवाली जादेव मलिक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और पुलिस घटना की जांच कर रही है। गुरुवार को ईई जीएस कार्की की मौजूदगी में मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# आदि कैलाश यात्रियों के जत्थे का हुआ भव्य स्वागत

## महापौर की अगुवाई में पुष्प वर्षा के साथ हुआ अभिनंदन

रुद्रपुर। देवभूमि उत्तराखंड के पौराणिक और आध्यात्मिक वैभव की प्रतीक 'आदि कैलाश यात्रा' पर निकले श्रद्धालुओं के जत्थे का रुद्रपुर पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया गया। गुजरात सहित अन्य स्थानों से आए इन यात्रियों का महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में







अमरनाथ जी सेवा मंडल के पदाधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा व धार्मिक उद्घोषों के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। भक्ति और उत्साह से सराबोर इस आयोजन के दौरान पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। स्वागत सत्कार के उपरांत सभी तीर्थयात्रियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ अगले पड़ाव के लिए विदा किया गया।आदि कैलाश दर्शन की अभिलाषा लेकर निकले यात्रियों का यह जत्था बुधवार को रुद्रपुर पहुंचा, जहां मॉडल कॉलोनी स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल के आवास पर उनका प्रथम भव्य स्वागत हुआ। यहां श्रद्धाभाव के साथ यात्रियों को मालाएं पहनाई गईं और पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके पश्चात शहर के प्रमुख त्रिशूल चौक पर सामूहिक स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें महापौर विकास शर्मा के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने यात्रियों का सत्कार किया। जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं में हिरेन नड्या, नवी, नवीन डोडिया, नीला डोडिया, किरन सिंह, विजय सिंह, महेश भाई, भावना चौहान, रीटा बेन, दीपक, माधवी, मानसी, सोनी, दमयंती बेन, मीता बेन, अनूप, हीर, रश्मि बेन, बेदांश, रमेश, विक्रम, उर्मिला बेन, मीना बेन, अजीत भाई और निकिता बेन सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदि कैलाश की यात्रा अत्यंत अद्भुत है और इस पवित्र धाम के दर्शन का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस तीर्थ स्थल की यात्रा कर इसके धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। महापौर ने प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने यात्रा मार्गों और व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रुद्रपुर नगर निगम प्रत्येक यात्री के सहयोग और सेवा के लिए सदैव तत्पर है।महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में देवभूमि की पहचान निरंतर सशक्त हो रही है। चारधाम यात्रा के साथ- साथ कुमाऊं मंडल के आदि कैलाश, जागेश्वर धाम, नीम करोली महाराज, हाट कालिका मंदिर और गोल्ज्यू महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार पर्यटन के साथ तीर्थाटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की आर्थिकी को भी मजबूती प्रदान कर रही है। रुद्रपुर को कुमाऊं का प्रवेश द्वार बताते हुए महापौर ने कहा कि निगम प्रशासन शहर को एक विशिष्ट धार्मिक पहचान देने के लिए संकल्पित है, जिसके तहत त्रिशूल चौक का निर्माण किया गया है और शीघ्र ही डमरू चौक सहित अन्य धार्मिक प्रतीक शहर की शोभा बढ़ाएंगे।भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से रुद्रपुर में शिव कॉरिडोर को एक विशाल तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। यहां भगवान शिव की 51 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए आधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में रुद्रपुर देश भर के शिव भक्तों के स्वागत के लिए अपनी वास्तविक आध्यात्मिक पहचान के साथ तैयार होगा।स्वागत समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्डा, धीरेंद्र मिश्रा, हिमांशु शुक्ला, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, राजन राठौर, सुरेश छाबड़ा, गुलशन छाबड़ा, मन्नू चुघ, निशांत ढल्ला, अंकित नरूला, अजय लूथरा, अमित अरोरा, अरुण बठला, आदित्य छाबड़ा आदि मौजूद थे।

# लापरवाही पर दो महिला कांस्टेबलों को किया निलंबित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर अजय गणपति ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया है कि महिला संबंधी मामलों में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र के एक महिला संबंधी प्रकरण में घोर लापरवाही पाए जाने पर एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला



हेड कांस्टेबल पायल आर्या और महिला कांस्टेबल मंजू आर्या को निलंबित कर दिया है। प्रकरण के विवरण के अनुसार, बुधवार को एक आवेदिका ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। आवेदिका ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त यश प्रताप सिंह बीती 17 अप्रैल को बहला-फुसलाकर रुद्रपुर क्षेत्र से ले गया था। आरोप है कि अभियुक्त द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया जिससे वह गर्भवती हो गई। इस गंभीर मामले में आवेदिका का कहना है कि उसने कोतवाली रुद्रपुर, कोतवाली पंतनगर और महिला हेल्प डेस्क में कई बार शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी स्तर पर नियमानुसार कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अजय गणपति ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाली दोनों महिला पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच क्षेत्राधिकारी पंतनगर डीआर वर्मा को सौंप दी है। जांच अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मामले की प्रारंभिक जांच कर सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एसएसपी ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि महिला संबंधी अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति अपनाई गई है। प्रत्येक पीड़िता को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या असंवेदनशीलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिला न्यायालय में नवनिर्मित सेंट्रल हॉल का लोकार्पण

## अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए 25 लाख की लागत से टीन शेड निर्माण की भी की घोषणा

रूद्रपुर। जिला सत्र एवं न्यायालय परिसर में 18 लाख रुपये की लागत से निर्मित सभागार सेन्ट्रल हॉल के नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक शिव अरोरा और





जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी ने फीता काटकर किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ताओं और जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो प्रतिदिन लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता वर्ग से उनका पुराना संबंध रहा है और वह स्वयं चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। वर्ष 2022 में विधायक बनने के बाद बार एसोसिएशन के आग्रह पर उन्होंने 25 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य कराया था।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि अधिवक्ताओं के बीच आने से नई ऊर्जा मिलती है और विचारों का आदान प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि नव निर्मित सभागार अत्यंत भव्य और व्यवस्थित बना है, जहां विभिन्न बैठकें और कार्यक्रम बेहतर ढंग से आयोजित किए जा सकेंगे। एक ही स्थान पर अधिवक्ता बैठकर मंथन और चिंतन कर सकेंगे। उन्होंने सभागार के निर्माण के लिए जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं को बधाई दी।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 में अधिवक्ताओं का उन्हें भरपूर समर्थन और स्नेह मिला था। वरिष्ठ अधिवक्ताओं और जिला बार के आग्रह पर शेष बचे टीन शेड निर्माण कार्य के लिए भी 25 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है, जिसका कार्य आने वाले समय में कराया जाएगा।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि चुनाव के दौरान लिए गए उनके अधिकांश संकल्प पूरे हो चुके हैं और शेष कार्य वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव फोगाट, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत बिट्टा, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष कुलवीर ढिल्लों, उपसचिव मनोज कुमार, लेखा परीक्षक गिरिराज कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष गिरीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, सुशीला मेहता, महेश बब्बर, धीरेन्द्र शर्मा, लक्ष्मी नारायण, बरित सिंह, गुरबाज सिंह, अनुभव चौधरी, जीतेन्द्र संधू, के के त्रिपाठी, प्रेम लता, एमपी तिवारी, खड़क सिंह, राधेश्याम शुक्ला, के एन मिश्रा, डी एन जगसवाल, नरेश रस्तोगी, प्रभा, ज्योति जीना, अंजुम लुबाना, उपासना पाल, नजिम अंजुम, अंकित सिडाना, अंकित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीजे पर डांस को लेकर मारपीट,चार आरोपी गिरफ्तार

दिनेशपुर। जगदीशपुर गांव में तीन मई को शादी समारोह में शामिल होने आए युवक को पीटकर घायल करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।बताते चले कि हल्द्वानी रोड टांडा, थाना पंतनगर निवासी अनिल ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सुनील तीन मई को थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। समारोह के दौरान डीजे पर डांस करते समय कालीनगर निवासी परीक्षित से उसका विवाद हो गया था। उस समय तो लोगों ने बीच- बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन बाद में यह विवाद बढ़ गया था। आरोप है कि रात को जब सुनील समारोह से वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे परीक्षित ने अपने साथियों दीक्षांत, सुशांत, सुमित और विधान मंडल के



साथ मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा -तफरी मच गई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। बुधवार को परीक्षित, विधान, सुमित और दीक्षांत को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में एक आरोपी सुशांत फरार है, वही प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया फरार आरोपी सुशांत को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय व बेस हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर औचक छापामारी की गई। बुधवार को प्रातः राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। वहां पर कुल 30 विद्यार्थी पंजीकृत है, जिसमें से केवल 21 विद्यार्थी ही उपस्थित थे।मौके पर विद्यालय में एक सहायक अध्यापिका उपस्थित मिली।प्रधान अध्यापिका को जनगणना कार्य में जाना बताया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सामान्य से कम पाई गई। संबंधित अध्यापक को और अधिक मेहनत से कार्य करने करने हेतु निर्देशित किया गया। खाने की गुणवत्ता को और अधिक ठीक करने हेतु निर्देशित किया गया। खानें मूंग की दाल और आलू और न्यूट्रिला की सब्जी बनी थी। बेस अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सीएमएस के एस दुग्ताल उपस्थित मिले। लिफ्ट के समीप अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा मोटर बाइक खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया था। इसको मौके पर हटाने के निर्देश दिए गए। हॉस्पिटल में शाम की ड्यूटी में आने वाले डाक्टरों के द्वारा उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे है। इससे यह पता नहीं चल पा रहा है कि ये वास्तव में उपस्थित हो रहे है या नहीं। हॉस्पिटल में भर्ती हुवे। कई मरीजों से बात की गई । सभी मरीजों के द्वारा



अवगत कराया गया कि उन्हें अस्पताल से ही दवाई आदि मिल रही है। हॉस्पिटल में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। जिस कारण दिक्कते है। विद्युत वितरण खंड सुभाषनगर का भी निरीक्षण किया गया। वहां एसडीओ उज्जवल भास्कर उपस्थित मिले। सभी कर्मिक भी मौजूद थे। वर्तमान में कही पर भी रोस्टिंग नहीं होना उनके द्वारा अवगत कराया गया। मौके पर उन्हें क्षेत्रांतर्गत खराब पोल को हटाने हेतु निर्देशित किया गया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### पंजाब में विस्फोट

पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने राज्य की सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं।गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था।पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं? पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

# वक्फ संपत्तियां :उम्मीद पोर्टल में नहीं दर्ज संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेगी

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में दर्जनों ऐसी संपत्तियों का ब्यौरा सामने आने लगा है जोकि वक्फ बोर्ड में चढ़ी हुई है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जारी उम्मीद पोर्टल में नहीं दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक इसके पीछे वजह ये बताई जा रही है कि उक्त संपत्तियों के बारे में कब्जेदारो के पास कोई दस्तावेज नहीं है, ये भी जानकारी मिली है कि इनमें बहुत से ऐसी संपत्तियाँ है जोकि सरकार जमीनों में कब्जे कर बनाई गई और उन्हें फिर वक्फ बोर्ड में दर्ज कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि वक्फ संपत्तियों के बारे में भारत सरकार ने जो नए नियम बनाए उसके तहत 6 दिसंबर 2025 तक सभी कब्जेदारो को उसकी सूचना,दस्तावेजों ,साक्ष्यों के साथ उम्मीद पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करवाने थे। भारत सरकार और राज्य सरकार ने बाकायदा इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए और मुतवल्लियों को ये सिखाया गया कि कैसे ऑनलाइन प्रकिया अपनानी है। देश भर में बहुत सी संपत्तियां दर्ज भी हुई कुछ छूट गई ,केंद्र ने पुनः तीन माह का समय दिया और 6 फरवरी 2026 तक सभी वक्फ संपत्तियों का ब्यौरा यहां दर्ज करने के लिए कहा गया। बावजूद इसके भारी संख्या में संपत्तियों को दर्ज नहीं किया गया। उत्तराखंड में 7288 संपत्तियों को सूचीबद्ध किया गया था जिनमें 2105 औकाफ संपत्तियों का उल्लेख किया गया शेष 5388 संपत्तियों में कब्रस्तान, ईदगाह, मस्जिद ,मदरसे मजारे ,इमामबाड़ा ,स्कूल आदि शामिल है। जिनमें से केवल 1597 ही एप्रूव होकर दर्ज हुई ,इसके साथ साथ 2105




औकाफ संपत्तियों को ही अभी तक उम्मीद पोर्टल में दर्ज किया गया है। यानि 3791 मस्जिद, मदरसों,ईदगाह, मजारों आदि श्रेणी की संपत्तियां और 841 औकाफ श्रेणी की संपत्तियां के बारे में कब्जेदारो ने जानकारी उम्मीद पोर्टल पर दर्ज नहीं की है। **क्या हो सकते है कारण:** बड़ा सवाल ये है कि सुप्रीम कोर्ट और भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के विषय में जानकारी मांगे जाने के बावजूद लोग क्यों नहीं उसकी जानकारी उम्मीद पोर्टल पर दे रहे है ,जानकार बताते है कि बहुत से लोग ऐसे है जिन्होंने उत्तराखंड की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे करके इस्लामिक सेंटर, मदरसे, मस्जिद मजारे आदि बना दी और फिर उन्हें वक्फ में चढ़ा दिया। अब उम्मीद पोर्टल पर जब साक्ष्यों की,भूमि दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है तो उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। जबकि वक्फ /औकाफ संपति वो होती जोकि किसी के द्वारा दान में वक्फ बोर्ड को दी जाती है और उसकी आय से गरीबों की मदद की जाती है। यही वजह थी कि उत्तराखंड बनने के बाद देवभूमि में वक्फ की संपत्तियों में ढाई गुना की वृद्धि दर्ज की गई। इस विषय पर ऐसा भी बताया गया कि कुछ लोगों ने जानकारी के अभाव में उम्मीद पोर्टल पर ऑनलाइन ब्यौरा दर्ज नहीं किया। हालांकि ये बात इसलिए गले नहीं उतरती क्योंकि इस बारे में सरकार ने बकायदा प्रशिक्षण दिया और बहुत से मुस्लिम अधिवक्ताओं ने इस बारे में अपना सहयोग दिया। अब सवाल उठता है कि जिन वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर तय सीमा में दर्ज नहीं किया गया उसका क्या होगा ? **क्या कहते है अल्पसंख्यक सचिव ?** इस बारे में उत्तराखंड अल्पसंख्यक मामलों के विशेष सचिव डॉ पराग मधुकर धकाते कहते है ऐसी संपत्तियों को सरकार , अवैध कब्जा मानते हुए सरकार में निहित करेगी।वे बताते है कि 5 जून तक उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के विषय में जिस संपत्ति की जानकारी नहीं दी जाएगी सरकार उसे अवैध कब्जा मानते हुए कारवाई करेगी। डॉ धकाते बताते है कि सरकार ऐसी संपत्तियों के भूमि संबंधी रिकार्ड खंगाल रही है जिनका ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया है। **क्या कहते है सीएम पुष्कर सिंह धामी ?** उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को दर्ज करने के लिए पर्याप्त समय और अवसर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे है, अब कोई इसमें संपत्तियों को दर्ज नहीं करवा रहे है तो उन्हें सरकार द्वारा दिए गए सख्त नियमों का सामना करना पड़ेगा, इसमें संपत्ति के सरकार में निहित करने का प्रावधान भी शामिल है।

# शोध उन्मुख संस्थान के रूप में विकसित होगा पंतनगर विश्वविद्यालय: कुलपति

## सप्ताह में तीन दिन खुद जनसुनवाई करेंगे प्रोफेसर कश्यप

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप ने विश्वविद्यालय के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए इसे पूर्णतः शोध उन्मुख (रिसर्च ओरिएंटेड) संस्थान के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति ने कहा कि उनका लक्ष्य पंतनगर विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में प्रमुखता से स्थापित करना है।कुलपति ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय में अब ऐसे शोध कार्यों पर विशेष बल दिया जाएगा जो सीधे तौर पर किसानों और उद्योगों की जरूरतों से जुड़े हों। लैंड ग्रांट पैटर्न पर आधारित इस विश्वविद्यालय में शिक्षण, शोध और प्रसार (टीचिंग, रिसर्च एंड एक्सटेंशन) के तीनों स्तंभों को समान रूप से सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। उन्होंने नवाचार और प्रेरणा को प्राथमिकता



देते हुए कहा कि लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए वे स्वयं सप्ताह में तीन दिन जनसुनवाई करेंगे और 24 घंटे के भीतर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा।प्रोफेसर कश्यप ने पर्वतीय कृषि एवं उद्योगों को पुनर्जीवित करने और प्रसार तंत्र को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सूचना संप्रेषण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। किसानों को प्रतिदिन मौसम की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ मीडिया के माध्यम से नियमित बुलेटिन और प्रगति रिपोर्ट जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय के शोध केंद्रों में होने वाले नवीन अनुसंधानों को शएक्सक्लूसिव स्टोरीश के रूप में प्रकाशित किया जाएगा ताकि समाज तक इनकी उपयोगिता पहुंच सके।कुलपति ने मीडिया प्रतिनिधियों को शोध केंद्रों का भ्रमण करने और वैज्ञानिकों से सीधा संवाद करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि वीडियो आधारित समाचार सामग्री तैयार करने के लिए मीडिया पेशेवरों को विश्वविद्यालय में उचित सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाकर प्रसार तंत्र को नई दिशा दी जाएगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक संचार डॉ जेपी जायसवाल ने सभी का स्वागत किया और विश्वविद्यालय की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मीडिया का आभार जताया। इस अवसर पर सहायक निदेशक संचार डॉ अर्पिता शर्मा कांडपाल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर पति समेत पांच ससुरालियों पर केस दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। दहेज की खातिर एक विवाहिता का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसे बीमार हालत में अस्पताल में छोड़कर पल्ला झाड़ लिया।हेमपुर इस्माइल निवासी गुरमीत कौर पुत्री सुरजीत सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 6 फरवरी 2024 को ग्राम भगवन्तनगर, तहसील स्वार (रामपुर) निवासी प्रितपाल सिंह पुत्र हरवंश सिंह के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी में दिए गए दान-दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। विवाह के महज छह माह बाद ही पति प्रितपाल सिंह, सास बलविन्दर कौर, ससुर हरवंश सिंह, जेठानी बलविन्दर कौर उर्फ बबली और जेठ जसवन्त सिंह दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।पीड़िता का कहना है कि ससुरालियों की



मारपीट और लगातार उत्पीड़न के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई। 16 मई 2025 को ससुराल वालों ने उसे चीमा चौराहे के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उसके माता-पिता को सूचना देकर वहां से चले गए। इसके बाद मायके वालों ने उसका उपचार कराया। स्वस्थ होने पर जब पीड़िता ने ससुराल जाने की इच्छा जताई, तो ससुरालियों ने साफ कह दिया कि जब तक कार और नकदी नहीं मिलेगी, उसे घर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।ससुराल पक्ष के इस अमानवीय व्यवहार और तनाव के कारण पीड़िता दोबारा बीमार पड़ गई, जिसका इलाज मुरादाबाद रोड स्थित अस्पताल में चला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


## कार्यालय जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर

### ई-निविदा विज्ञप्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **जिला पंचायत ऊधम सिह नगर के विभिन्न ग्रामीण बाजारों से कूड़ा एकत्रित कर कूड़ा कॉम्पैक्टर / ट्रचिंग ग्राउण्ड तक पहुंचाने हेतु चालक मय ईंधन व रख रखाव सहित दो छोटा वाहन (छोटा हाथी वाहन)** उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31.03.2028 तक के लिए इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 11.05.2026 से website www.uktenders.gov.in पर दिनांक 20.05.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक बिक्री हेतु उपलब्ध होंगी। तकनीकी निविदा दिनांक 20.05.2026 को 03:00 बजे जिला पंचायत सभागार में खोली जायेंगी। तकनीकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वित्तीय निविदा खोली जायेगी । निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी को वेबसाईट अथवा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकित किया जा सकता है।

भविष्य में इस निविदा सम्बन्धित कोई भी विवरण / शुद्धिकरण मात्र उक्त वेबसाइट पर ही प्रसारित किया जायेगा।

पत्रांक-274/कम्पेक्टर-जि0पं0ऊ0सि0न0/ 2026-27 दिनांक 6.5.2026

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर


# नाबालिग साली को भगा ले गया युवक

काशीपुर। कलयुगी युवक अपनी ही नाबालिग साली को बहला फुसलाकर भगा ले गया। कानूनी कार्यवाही करने पर युवक अपनी ही साली के फोटो वायरल करने व पत्नी को तलाक देने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कटोराताल चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम मिस्सरवाला उसका पति शानेआलम पुत्र साबिर 3 मई को उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुस्ला कर अपने साथ ले गया एवं उसके अश्लील फोटोग्राफ भी बना लिये हैं। कानूनी कार्यवाही करने पर उसका पति उसे तलाक देने व जान से मारने की धमकी देने व उसकी बहन के अश्लील फोटोग्राफ भी वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में पिकप चालक पर केस दर्ज

नानकमत्ता। कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल व्यक्ति इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल की रात ग्राम डोहरा, सिसईखेड़ा निवासी जगीर सिंह अपनी मोटर साइकिल से नानकमत्ता से सिसईखेड़ा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह राधा स्वामी सत्संग तिराहे के पास हाईवे पर पहुंचे, सितारगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जगीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र सुखवीर सिंह ने कोतवाली नानकमत्ता में तहरीर देकर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर

### ई0 निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत ऊधम सिह नगर के क्षेत्रान्तर्गत **ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित कॉम्पेक्टरों का रख-रखाव एवं कूड़ा पृथक्कीकरण हेतु मानव श्रम की आपूर्ति के कार्य** हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुबन्ध की तिथि से दिनांक 31.03.2028 तक के लिए ई-निविदा के माध्यम से कार्य कराया जायेगा, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों / ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 11.05.2026 से website www.uktenders.gov.in पर दिनांक 20.05.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक बिक्री हेतु उपलब्ध होंगी। तकनीकी निविदा दिनांक 20.05.2026 को 01:00 बजे जिला पंचायत सभागार में खोली जायेंगी। तकनीकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वित्तीय निविदा खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी को वेबसाईट अथवा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकित किया जा सकता है।

भविष्य में इस निविदा सम्बन्धित कोई भी विवरण / शुद्धिकरण मात्र उक्त वेबसाइट पर ही प्रसारित किया जायेगा।

पत्रांक-273/कम्पेक्टर-जि0पं0ऊ0सि0न0/ 2026-2027 दिनांक 6.5.2026

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर

# बदहाल शिक्षा से चिंता में बहनों का भविष्य

## जीजीआईसी में प्रत्येक कक्षा में छात्रा संख्या 100 के अनुपात में शिक्षक कम

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं की गुणवत्तायुक्त शिक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विद्यालय में संचालित प्रत्येक कक्षाओं में छात्राओं की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। यहां शिक्षकों की भारी कमी के कारण बालिका शिक्षा हाशियों पर जाती दिख रही है। जीजीआईसी में बालिकाओं की शिक्षा ईश्वर भरोसे चल रही है। यहां हालात यह है कि इंटरमीडिएट तक संचालित विद्यालय की कक्षाओं में छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जो बालिका शिक्षा को लेकर सकारात्मक रुख हैं। इसके उलट ही बढ़ती छात्राओं की संख्याओं को लेकर शिक्षा प्रबंधन कतई गंभीर नहीं है। प्रत्येक कक्षा में छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण बालिका शिक्षा लगातार प्रभावित हो रही है। विद्यालय में मानक अनुसार अध्यापकों की भी कमी है। वर्तमान में विद्यालय में 16 शिक्षक तैनात हैं, जिनमें से 12 शिक्षक नियमित हैं और चार शिक्षक गेस्ट टीचर हैं। जबकि शिक्षा विभाग के मानक के अनुसार छात्राओं की संख्या के अनुरूप विद्यालय में 25 अध्यापकों की तैनाती होनी हैं। हालात यह हैं कि विद्यालय में कई विषय के टीचर तक नहीं हैं। विद्यालय में विज्ञान की अध्यापिका का पद रिक्त हैं। इस वजह से बालिकाओं की शिक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा हैं। प्रधानाचार्य अर्चना पाठक ने बताया कि विद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है, लेकिन इसके अनुपात में शिक्षकों की कमी है।



''जीजीआईसी में छात्राओं की संख्या बढ़ी है, तब नए सेक्शन के अनुरूप शिक्षकों की शासन से नवीन तैनाती के लिए पत्राचार किया जाएगा। वर्तमान में विद्यालय में तैनाती के सापेक्ष नियमित और गेस्ट शिक्षक तैनात हैं।

**हरेंद्र मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी**

# मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति में बचाव तथा अग्निशमन उपकरण का दिया प्रशिक्षण

किच्छा। नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अचानक आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना से सरकारी अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए और कड़ी मशक्कत के बाद बिना जनहानि के आग पर काबू पा लिया। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वास्तव में आग लगी नहीं थी, बल्कि दमकल की टीम द्वारा मॉक ड्रिल करते हुए अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उधम सिंह नगर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया के दिशा निर्देशन में किच्छा यूनिट प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायर यूनिट द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल का आयोजन करते हुए फायर यूनिट द्वारा नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगने की सूचना पर तुरंत कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य केंद्र में आग लगने की जानकारी पर दमकल की टीम तुरंत फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंच गई और हौज पाइप एवं हौज रील के माध्यम से आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस दौरान समस्त स्टाफ को फायर उपकरण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपकरण का सही तरीके से प्रयोग करने का अभ्यास कराया गया। टीम प्रभारी मदन सिंह रावत ने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं मरीजों व तीमारदारों को जागरुक करते हुए बताया कि आपात स्थिति में घबराने की बजाय सतर्कता और संयम से कार्य कर सुरक्षित निकासी के उपाय अपनाने के साथ-साथ टोल फ्री नंबर डायल 112 पर तुरंत सूचना दी जानी चाहिए। फायर यूनिट ने आग लगने की स्थिति में बचाव के महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी और प्राथमिक अग्निशमन उपाय का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।



# महिला आरक्षी को वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन ने एसएसबी की महिला आरक्षी को जोरदार टक्कर मार दी। घटना उस समय हुई जब महिला आरक्षी पश्चिम बंगाल से चुनाव ड्यूटी कर वापस लौट रही थीं और हाईवे किनारे एक ढाबे पर रुकी थीं। हादसे में आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस को दी गई शिकायत में 11वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (डीडीहाट) के उपनिरीक्षक भाव सिंह तोमर ने बताया कि उनकी वाहिनी का काफिला पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी संपन्न कर वापस लौट रहा था। 3 मई की दोपहर जब काफिला धनुष पुल सितारगंज की ओर जा रहा था, तभी भोजन के लिए ग्राम बरा स्थित एक ढाबे पर रुका। होटल में जगह कम होने के कारण महिला आरक्षी प्रमिला सीदार पुत्री फिरतू राम सड़क के दूसरी ओर स्थित होटल पर जा रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रमिला के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद अन्य महिला कर्मियों ने आनन-फानन में घायल आरक्षी को उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रियल गेटअप स्पोर्ट्स क्लब ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रियल गेटअप स्पोर्ट्स क्लब, रविन्द्रनगर के एक शिष्टमंडल ने महापौर विकास शर्मा से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि रविन्द्रनगर स्थित युवा भारती नेताजी सुभाष पार्क में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन होता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। जहां वर्षा से बचाव के लिए एक लेंटर शैड का निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया मंच को नशेड़ी व जुआरी लोगों के साथ ही आवारा जानवर क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पुलिस का सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब संस्था इस मंच पर लाईब्रेरी बनवाना चाहती है। ताकि इसका सभी को लाभ मिल सके। शिष्टमंडल ने महापौर से मंच को लाईब्रेरी का रूप देने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था पार्क को अस्तित्व में लाने के लिए करीब 13 लाख रूपये खर्च कर चुकी है। अब पार्क में संकीर्तन मंडलियों के ठहरने, शौचालय, स्पोर्ट्स मंच, पार्क के सौदर्यीकरण व गेट के निर्माण की आवश्यकता है। जिसमें निगम का सहयोग अपेक्षित है। महापौर ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि वह पार्क के सौंदर्यीकरण व अन्य कार्यों के लिए सार्थक प्रयास करेंगे। इस दौरान संस्था के दिलीप अधिकारी, एसपी सरकार, रंजीत विश्वास, संजय हालदार, प्रभाष, गोपाल सरकार, सपन मंडल, प्रशांत विश्वास, रामानन्द जोद्दार, मानदार सरकार, सुकांत विश्वास, परितोष मंडल, प्रदीप विश्वास, अर्जुन , रंजीत राय, विश्वजीत , सुनील घोष आदि मौजूद थे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम ZEESHAN से बदलकर ZEESHAN ALVY रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

जीशान अल्वी पुत्र वलीजान कटरा, किच्छा उधमसिंहनगर,उत्तराखण्ड

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरने से ...**वर्ष के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया गया कि तीनों जागरी का कार्य करते थे और रात में ग्राम चमोली पुसैला में जागर संपन्न कराने के बाद वापस लौट रहे थे।रेस्क्यू अभियान में एसडीआरएफ प्रभारी महिपाल सिंह, कांस्टेबल हरीश पांडेय, अमित, राजेंद्र, जगमोहन, आनंद तथा होमगार्ड रोहित शामिल रहे।उत्तराखंड में जागरी पारंपरिक लोक गायक और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्ति माने जाते हैं। जागर के दौरान जागरी हुड़के की थाप पर देवी देवताओं का आह्वान करते हैं और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हैं।वहीं मसूरी में बुधवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। धनौल्टी रोड पर एक युवक करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया। सूचना पर मसूरी पुलिस, फायर सर्विस और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।घायल युवक की पहचान नरेश पुत्र हुकम सिंह निवासी सिविल रोड, रावत मेडिकल स्टोर मसूरी उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस और फायर कर्मियों ने अंधेरे और दुर्गम क्षेत्र में रस्सियों व आपदा उपकरणों की मदद से युवक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

**जिला अस्पताल में आक्सीजन नहीं...**का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तथा अनुपस्थित महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जानकारी के अनुसार सिंह कालोनी निवासी गली नम्बर एक निवासी शिक्षक सौरभ मिश्रा का एक वर्ष पूर्व ही शक्तिफार्म में विवाह हुआ था। वह अपनी गर्भवती पत्नी 28 वर्षीय ज्योति पाण्डे को प्रसव के लिए सायं जिला चिकित्सालय ले गये। जहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें भर्ती कर लिया। जबकि वहां कोई भी महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थी। मध्य रात्रि लगभग 1.30 बजे स्टॉफ द्वारा ही प्रसव कराया गया। ज्योति ने कन्या को जन्म दिया। इसी दौरान सही ढ़ंग से सांस न ले पाने के कारण ज्योति की तबीयत बिगड़ गई और उसे जीवनदायिनी आक्सीजन की जरूरत पड़ी। लेकिन वहां रखे चार सिलेंडरों में आक्सीजन नहीं थी और न ही पाईप लाईन में आक्सीजन मिल पाई परिजनों ने जब ज्योति को रैफर करने को कहा तो महिला चिकित्सक न होने के कारण उसे रैफर नहीं किया जा सका। परिजनों ने बताया कि प्रात: 5 बजे उन्हें स्टाफ ने बताया कि ज्योति की मौत हो गई है। वहीं सौरभ का कहना है कि उसकी पत्नी की रात्रि में ही मौत हो चुकी थी जिसे स्टाफ द्वारा छिपाया गया। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि चिकित्सालय में उपचार में बरती गई लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की मौत हुई है। चिकित्सालय में हंगामे की सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मी आ पहुंचे और उन्होंने परिजनों से विस्तार से घटना की जानकारी ली। सौरभ ने मामले में पंतनगर थाना पुलिस, सीएमओ, डीएम व जिलाधिकारी को तहरीर प्रेषित कर घटना की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मृतका ज्योति के पिता गुरूग्राम शक्तिफार्म निवासी रंजन पांडे किसान हैं तथा भाई दीपक पिता के कार्य में हाथ बंटाने के साथ पढ़ाई भी करता है। माता फूलमाला सहित सभी परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी संजय ठुकराल समेत तमाम लोगों ने मामले की जानकारी ली और अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर नाराजगी प्रकट की।

**उप तहसील में दूसरे दिन...**2026 को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित भूमि की पैमाइश कराई गई थी, जिसमें यह स्पष्ट हो गया कि उक्त भूमि पर उनका कोई अतिक्रमण नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद अधिकारियों ने रिपोर्ट देने में देरी की और बाद में दूसरे खसरा नंबर में भी अतिक्रमण दिखाकर उन्हें परेशान किया गया।पीड़ित पक्ष का कहना है कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उस पर लंबे समय से अन्य लोग काश्त कर रहे हैं और इसके समर्थन में शपथपत्र भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद बिना निष्पक्ष जांच और पक्ष सुने कार्रवाई की गई। धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव में दो लोगों के बयान दर्ज कर फर्जी तरीके से अतिक्रमण दर्शाया गया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब सर्वे केवल खसरा संख्या 672/1 का किया गया था, तो खसरा संख्या 673/4 को किस आधार पर मामले में शामिल किया गया। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि न्याय मिलने तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में हरिओम राणा, नीरज राणा, सुखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, बलजिंदर सिंह, जरनैल सिंह, लखविंदर सिंह, छिंदर पाल सिंह, सतनाम सिंह, सुखचौन सिंह, बलजीत सिंह मौजूद रहे।

**चंपावत गैंगरेप कांड...**की कि मामले में नामजद भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष को तत्काल पार्टी से बर्खास्त किया जाए और उसके खिलाफ बिना किसी राजनीतिक संरक्षण के सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यूथ कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई और पीड़िता को न्याय नहीं मिला, तो संगठन सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगा। कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि महिला सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जब तक दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जबरन कार उठाने पर ...**को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस अवसर पर मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, सौरभ राज बेहड़, परवेज कुरेशी, उमर अली, मोनिका ढाली, मोहम्मद अशफाक अंसारी, रणजीत सिंह राणा, अनंत बिश्नोई, मारूफ, रेहान, ताहिर, हैरी पन्नू, समप्रीत ग्रोवर, गौरव कुमार, गोविंद सिंह, सरजू सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**टैक्सी स्टैंड पर ...**शिनाख्त मदन राम (42 वर्ष) पुत्र हरीश राम, निवासी ग्राम आरे, बागेश्वर के रूप में हुई है। मदन राम वर्तमान में हल्द्वानी के दमुवाढूंगा क्षेत्र में रह रहा था उसके परिवार में दो बेटियां व एक पुत्र है। घटना के बाद बड़ी संख्या में अन्य टैक्सी चालक भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने वाहन और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत स्वाभाविक थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहा है। पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

**गैंगरेप आरोपियों के परिजनों ...**प्रकरण को एक राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उनके बेटे ने कड़ी मेहनत से अग्निवीर योजना के तहत सेना में स्थान बनाया है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और बिना सबूत के किसी को दोषी न ठहराया जाए। आरोपियों के परिजनों के इन बयानों के बाद अब पुलिस मामले की हर एंगल से गहनता से तफ्तीश कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# युवक ने गोबिंद मंदिर में की शिव प्रतिमा खंडित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज तड़के ट्रांजिट कैम्प में स्थित गोविन्द मंदिर में मानसिक रूप से कमजोर युवक के हाथों शिव प्रतिमा खंडित हो गई। जानकारी मिलने पर मौहल्लेवासियों के साथ ही युवक के परिजन वहां आ पहुंचे और उन्होंने युवक को पकड़ लिया। बाद में परिजनों द्वारा खंडित प्रतिमा को सही करा दिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प गोविन्द मंदिर के पास का निवासी मानसिक रूप से कमजोर युवक आज तड़के करीब तीन बजे मंदिर आ गया और वहां शिव मंदिर में जोर जोर से घंटी बजाने लगा। काफी देर तक घंटी की आवाज सुनाई देने पर आसपास के कई लोग वहां आ पहुंचे। उन्होंने देखा कि मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी युवक अनुज कार्की जो अपने परिजनों के साथ यहां रहता है घंटी बजा रहा है। इसी दौरान युवक अनुज भगवान शिव की प्रतिमा से लिपट कर जोर जोर से रोने लगा। तभी उसका हाथ शिव प्रतिमा पर लग गया और प्रतिमा में शेष नाग और तांबे का कलश क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों द्वारा किसी तरह अनुज को प्रतिमा से अलग कर उसे दूर ले जाया गया। प्रात: उसके परिजनों द्वारा क्षतिग्रस्त शिव प्रतिमा को सही करवा दिया गया।

# महिला सिलाई प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जनपद के युवाओं और महिलाओं के लिए 31 दिवसीय महिला परिधान सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी नैनीताल हल्द्वानी में यह प्रशिक्षण 11 मई 2026 से प्रारंभ होगा।आरसेटी नैनीताल के निदेशक अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण केंद्र हीरा कुंवर स्कूल के पीछे कुंवरपुर गौलापार हल्द्वानी में स्थित है। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद के लिए कुल 35 सीटें निर्धारित की गई हैं, जिनमें से 75 प्रतिशत सीटें ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल परिवारों, एनआरएलएम समूहों के सदस्यों और मनरेगा परिवारों के लिए आरक्षित हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णत: निशुल्क और आवासीय है, जिसमेंरहने और खाने की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को सिलाई और महिला परिधान निर्माण से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किसी की 'जान' ना ले बैठे, 'मित्र पुलिस का डॉगी प्रेम'

**त्रिशूल चौक स्थित पुलिस चौकी के सामने जमा होने वाले कुत्तों के असामान्य व्यवहार को नजरअंदाज कर रही पुलिस, राहगीरों पर अचानक ही टूट पड़ते हैं पुलिस चौकी के सामने बैठे रहने वाले कुत्ते**

-अर्श-

रुद्रपुर।स्थानीय त्रिशूल चौक स्थित पुलिस चौकी के सामने जमा होने वाले स्ट्रीट डॉग के असामान्य व्यवहार को मौके पर हर समय मौजूद रहने वाले पुलिस कर्मियों द्वारा नजरअंदाज किया जाना, किसी राहगीर के लिए किसी भी दिन जानलेवा साबित हो सकता है तथा स्थानीय त्रिशूल चौक में भी ऐन वैसी ही दुर्घटना देखने को मिल सकती है ,जैसी विगत रोज धौलपुर में देखने को मिली। देखा गया है कि त्रिशूल चौक स्थित पुलिस चौकी के ठीक सामने लगभग 5 से 7 स्ट्रीट डॉग तकरीबन रोजाना जमा रहते हैं और ये अचानक ही किसी भी राहगीर अथवा वाहन चालक पर झपट पड़ते हैं। इन कुत्तों के आक्रमण से बचने के चक्कर में वहां से गुजरने वाले लोग कई बार तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आते आते बचे हैं। गनीमत है कि इन कुत्तों के अचानक होने वाले आक्रमण से बचने के चक्कर में अभी तक कोई राहगीर किसी दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ है, लेकिन दुर्घटना की आशंका तो बनी ही रहती है। वह इसलिए, क्योंकि उपरोक्त कुत्ते भोंकते हुए अचानक ही किसी पर झपट पड़ते हैं ।पुलिस चौकी के सामने जमा होने वाले यह कुत्ते पैदल चलने वालों पर तो हमला करते ही हैं ,साथ ही साथ मोटरसाइकिल सवार एवं मौके से गुजरने वाली कारों के पीछे भी भोंकते हुए दौड़ने लगते हैं। ऐसे में कोई भी राहगीर अथवा मोटरसाइकिल सवार या कार चालक अपना संतुलन खोकर किसी वहां की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है अथवा



हड़बड़ाहट में सड़क पर गिर भी सकता है और पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहनों का शिकार हो सकता है। हैरत की बात तो यह है कि यातायात की दृष्टि से शहर के अधिकतम व्यस्त चौराहे त्रिशूल चौक में, आवारा एवं निराश्रित कुत्तों द्वारा की जाने वाली यह असामान्य हरकत मौके पर अधिकांश समय मौजूद रहने वाले पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को जरा भी नहीं खटकती। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि इन कुत्तों की फीडिंग आदि की व्यवस्था आमतौर पर पुलिस चौकी में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जाती है। लिहाजा, भोजन की आस में उपरोक्त कुत्ते अधिकांश समय वहीं बैठे रहते हैं। हालांकि निराश्रित जानवरों के प्रति प्रेम एवं दया भाव रखना और उन्हें खाना पानी देना कहीं से कहीं तक काबिले एतराज नहीं है , लेकिन ऐसे प्रेम और दया भाव के कारण किसी अन्य प्राणी पर कोई संकट भी नहीं मंडराना चाहिए। देखने में आया है कि चौकी के पास जमा होने वाले स्ट्रीट डॉग की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और यह समय के साथ हिंसक भी होते जा रहे हैं। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को अपने डॉगी प्रेम के साथ-साथ त्रिशूल चौक से गुजरने वाले राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी संजीदा होना चाहिए और यदि कोई कुत्ता हिंसक और असामान्य व्यवहार करता नजर आए, तो उसे तत्काल डॉग शेल्टर में भेजे जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही चौकी के सामने डेरा जमाए रखने वाले सभी स्ट्रीट डॉग को रेबीज का इंजेक्शन भी लगवाना चाहिए ताकि डॉग बाइट की स्थिति में पीड़ित को जान का कोई खतरा न हो।

# अखंड महानाम संकीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रुद्रपुर। श्री नर नारायण सेवाश्रम, ग्रीन पार्क के पीछे कौशलगंज में आयोजित 49वां वार्षिकोत्सव, 24 प्रहर अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत भूषण चुघ ने कहा कि अखंड महानाम संकीर्तन मनुष्य के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को आगे बढ़ाने में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका है।उन्होंने बताया कि यह पांच दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन स्वामी भावानंद ब्रह्मचारी के निर्देश एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।समापन अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।





पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सहसंयोजक चुनाव प्रबंधन समिति उत्तराखंड भारत भूषण चुघ मुख्य अतिथि आयोजनों से समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द की भावना मजबूत होती है तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ने का आह्वान करते हुए स्वामी सेवानंद दास के संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुई थी। इसके बाद लगातार महानाम संकीर्तन, रासलीला दर्शन, नगर कीर्तन एवं भारत मिलन वेला जैसे धार्मिक पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए।इस दौरान शेखर विश्वास, दलजीत सिंह गोराया, राजेश हालदार, अमित गोड, पूरन पांडे, चंद्रप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# नानकमत्ता के नए कोतवाल पाठक ने संभाला चार्ज

नानकमत्ता। नानकमत्ता कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। चार्ज संभालने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना, यातायात व्यवस्था को सुचारु करना तथा स्मैक तस्करों एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी। नवागत कोतवाल संजय पाठक ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से कार्य करेगी। उन्होंने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी



संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील भी की।संजय पाठक इससे पूर्व खटीमा, गदरपुर और अल्मोड़ा में कोतवाल के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वह एसओजी प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

# सीलिंग की भूमि पर कब्जा कर चल रहे स्कूल पर प्रशासन का छापा, एडीएम ने गेट किया सील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने ग्राम फाजलपुर महरौला में सीलिंग की वादग्रस्त भूमि पर अवैध कब्जे और बिना वैधानिक स्वीकृतियों के विद्यालय संचालन की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कब्जे वाली भूमि के गेट को सील कर अपने कब्जे में ले



लिया।जांच में सामने आया कि डिजिटल ग्लोबल वर्ल्ड स्कूल के संचालक शकील द्वारा वादग्रस्त सीलिंग की लगभग 400 वर्ग मीटर भूमि पर बिना स्वामित्व के बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा किया जा रहा था। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए भूमि को सील कर दिया। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय का मूल भवन लगभग 400 वर्ग गज भूमि पर बना है, लेकिन बिना भूमि स्वामित्व और स्वीकृत मानचित्र के वर्ष 2025 में विद्यालय संचालन की मान्यता प्राप्त कर स्कूल संचालित किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि मामले की जांच कर कल तक वैधानिक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्र में अन्य अवैध निर्माण मामलों की भी तत्काल जांच करने के निर्देश प्राधिकरण और राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को बिना भूमि स्वामित्व और स्वीकृत मानचित्र वाले निर्माणों को विद्युत कनेक्शन जारी न करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा सहित प्राधिकरण, राजस्व और विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने लिया ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा

भीमताल (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को भीमताल विधानसभा के धारी, सुन्दर खाल,सुन्दरनगर, दाडीम, ओड़ाखान, तल्लारामगढ़, झूतिया, बोहराकोट, डाकबगला आदि गाँव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने जिलाधिकारी से वार्ता कर कहा विधानसभा क्षेत्र भीमताल के अंतर्गत ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में ओलावृष्टि व आधी तूफान से किसानो के आड़ू, पुलम, खुमानी , मटर, मिर्च, टमाटर आलू नष्ट हो गये है। किसानो की फसल खत्म हो गई है! जिस कारण किसान परेशान है। बेमौसमी वर्षा,ओलावृष्टि व आंधी तूफान से किसानों को काफी नुकसान होने से किसानों को दोहरी मार पड़ गई है। मंत्री कैड़ा ने जिलाधिकारी से गाँव गाँव उद्यान व कृषि विभाग की टीमें भेज किसानों की फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराकर उचित मुवावजा देने को कहा। अन्य समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियो को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओंका समाधान करने के निर्देश दिए।



